हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

13 दिसंबर2025, समय18:10

<u>मुख्य समाचार ;-</u>

1. राष्ट्र ने आज संसद पर आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, देश उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा ।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज फतेहाबाद मे सांसद खेल महोत्सव के समापन का आगाज किया – मुख्य मंत्री ने कहा सांसद खेल महोत्सव युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का एक बेहतरीन अवसर है ।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फतेहाबाद मे करोड़ों रुपये की परियोजनाओ के उद्घाटन व शिलान्यास किए ।

4. हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने पलवल मे महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण किया ।

5. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एंव आस पास के इलाकों मे वायु गुणवत्ता मे गिरावट – फरीदाबाद मे उपायुक्त ने ग्रैप के चरण 3 के प्रतिबंधों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए ।

राष्ट्र ने आज संसद पर आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 13 दिसंबर 2001 को आज ही के दिन सुरक्षाकर्मियों ने संसद की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, जितेंद्र सिंह, किरेन रिजिजू और अर्जुन राम मेघवाल ने संसद भवन में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और अन्य सांसदों ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि राष्ट्र उन नायकों के साहस, वीरता और बलिदान को नमन करता है, जिनकी कर्तव्य निष्ठा भारत की राष्ट्रीय भावना को निरंतर मार्गदर्शन देती है। राष्ट्रपति ने आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ने के भारत के दृढ़ संकल्प को भी दोहराया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। उन्होंने कहा कि भीषण खतरे के बीच उनका साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा सराहनीय थी।

फतेहाबाद में आज राज्यसभा सांसद सुभाष बराला की अध्यक्षता में सांसद खेल महोत्सव के भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फाइनल मुकाबलों का विधिवत आगाज किया। फाइनल मुकाबले में शामिल हो रहे खिलाडिय़ों ने मार्चपास्ट किया और मैच खेल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर खिलाडिय़ों व उपस्थितजन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव ने उन युवा खिलाड़ियों को खेल मुकाबलों में भाग लेने का मौका दिया है जो मौका न मिलने से अपनी प्रतिभा नहीं दिखा पाते।

सिरसा लोकसभा की 9 विधानसभाओं के लगभग 45 हजार खिलाडिय़ों ने सांसद खेल महोत्सव में भाग लिया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज फतेहाबाद में आयोजित सिरसा लोकसभा के सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम के दौरान कई परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किये। आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, उनमें 10 करोड़ 42 लाख 13 हजार रुपये की लागत से बना टोहाना का बसअड्डा , जाखल मंडी नगर पालिका क्षेत्र में 7 करोड़ 5 लाख रुपये की राशि से बना बहु परिसर और गांव म्योंद में 5 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से तैयार 33 किलो वोल्ट का सब स्टेशन शामिल हैं। श्री नायब सिंह सैनी ने जिले में 5 करोड़ 26 लाख 90 हजार रुपये की लागत वाली पांच परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया ।

हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने आज पलवल में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन के प्रांगण में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने महाराजा अग्रसेन सेवा सदन के नए भवन के निर्माण के लिए 11 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।

समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की शिक्षा लोकतंत्र, समाजवाद, आर्थिक समानता, अहिंसा और सर्वजन हिताय, सर्वजन

सुखाय के सिद्धांतों पर आधारित थी। उन्होंने समनत के लिए हर नागरिक को एक रुपया और एक ईंट देकर उसका घर बनाने और व्यवसाय शुरू करने में मदद करने की अनोखी प्रणाली स्थापित की।

हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल व खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल के नागरिक अस्पताल में महाकाल की रसोई का शुभारंभ किया। महाकाल की रसोई सेवा ट्रस्ट द्वारा शुरू की गई रसोई से नागरिक अस्पताल में मरीजों और उनके परिचारिकों के लिए 10 रु में भरपेट भोजन उपलब्ध होगा। इस अवसर जिला उपायुक्त हरीश कुमार वशिष्ठ भी मौजूद रहे ।कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में भाजपा सरकार राजनीति के साथ साथ सामाजिक सरोकार के कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यों को गति प्रदान करने में सरकार के साथ साथ सामाजिक संस्थाओं का अहम योगदान है। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि महाकाल की रसोई सेवा ट्रस्ट द्वारा यह एक सराहनीय पहल की गई है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। फरीदाबाद के ज़िला उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि हाल के दिनों में दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़कर 401 तक पहुंच गया है, जिससे वायु गुणवत्ता "गंभीर" श्रेणी में आ गई है। कम गति की हवाओं, स्थिर वातावरण तथा मौसम संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण प्रदूषक वातावरण में ही बने हुए हैं।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार यह स्थिति आगामी कुछ दिनों तक बनी रह सकती है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने सभी विभागों को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रैप के चरण- तीन के तहत सभी आवश्यक प्रतिबंधों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग करने में प्रशासन का साथ दें।